वर्ष 2022 के राष्ट्रीय कशिोर कुमार एवं राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान की घोषणा

चर्चा में क्यों?

6 अक्तूबर, 2023 को मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग ने वर्ष 2022 के राष्ट्रीय कशिोर कुमार सम्मान एवं राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान की घोषणा की है।

प्रमुख बिंदु

- वर्ष 2022 के लिये राष्ट्रीय कशिोर कुमार सम्मान प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र को और राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान संगीत निर्देशक उत्तम सिंह को प्रदान किया जाएगा।
- संस्कृति विभाग द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मानों की सम्मान राशि वर्ष 2022 से दोगुनी कर दी गई है। अब राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान एवं राष्ट्रीय कशिोर कुमार सम्मान में 5 लाख रुपए की सम्मान राशि, सम्मान पटिका एवं शॉल-श्रीफल प्रदान किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान भी बारी-बारी से पार्श्व गायन एवं संगीत निर्देशन के क्षेत्र में दिया जाता है। वर्ष 2022 का यह सम्मान संगीत निर्देशन के लिये दिया जाना था।
- प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र को राष्ट्रीय कशिोर कुमार सम्मान के लिये चुना गया है। वर्ष 2022 का राष्ट्रीय कशिोर कुमार सम्मान फिल्म अभिनय के क्षेत्र में दिया जाना था। यह सम्मान बारी-बारी से अभिनय, पटकथा, गीत लेखन एवं निर्देशन के क्षेत्र में दिया जाता है।
  विख्यात संगीत निर्देशक और प्रसिद्ध वायलिन वादक उत्तम सिंह ने बॉलीवुड की कई फिल्मों के लिये म्यूजिक अरेंजर, प्रोग्रामर और रिकॉर्डिस्ट के रूप में भी काम किया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-kishore-kumar-and-national-lata-mangeshkar-awards-for-the-year-2022